KING GEORGE'S MEDICAL UNIVERSITY U.P., LUCKNOW

UNIVERSITY ENVIRONMENT DEPARTMENT

Email: ueckgmu@gmail.com, Phone: 0522-2258720 (Office)

Letter No:- UED/635/23 Dated:- 18/12/2023

सेवा में,

नगर आयुक्त
नगर निगम लखनऊ।

अपर नगर आयुक्त

विषयः—सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स—2016 की गाइडलाइन के अनुसार बल्क वेस्ट जनरेटर्स द्वारा स्वयं अपशिष्ट का ऑनसाइट प्रसंस्करण किए जाने के सम्बन्ध में ।

कृपया अपने कार्यालय पत्रांक संख्या D-288/C.TAO/22 दिनांकः 24/02/2023 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके अनुसार उक्त पत्र को प्रेषित करते हुए उन्होंने अवगत कराया है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निदेशो के अनुपालन नगर निगम लखनऊ सीमा में स्वच्छ भारत मिशन व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स—2016 के अंतर्गत प्रत्येक स्थल पर उत्पन्न होने वाले सूखे व गीले कूड़े का पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किया जाना अनिवार्य किया गया है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्य—2016 के अंतर्गत 50 किग्रा से अधिक कूड़े का उत्पादन करने वाले प्रतिष्ठान/भवन को बल्क वेस्ट जनरेटर्स की श्रेणी में रखा गया है तथा उक्त रूल्स के क्रम में बल्क वेस्ट जनरेटर्स को अपने परिसर/भवन में उत्पन्न होने वाले गीले/सूखे कूड़े को अलग—अलग करना व गीले कचरे का निस्तारण स्वयं अपने परिसर में निर्धारित की गयी वैज्ञानिक विधि से किया जाना है।

आपको सादर अवगत कराना है कि चिकित्सा विश्वविद्यालय के वार्ड/ओटी/आई.सी.यू/लैब इत्यादि से उत्सर्जित जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित निस्तारण परिसर में स्थापित सेन्ट्रल कलेक्शन ट्रीटमेन्ट साइट पर किया जाता है। जिसका समय—समय पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जाता है। इसी कार्य हेतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पाँच वर्ष का प्राधिकरण पत्र भी जारी किया गया है।

चिकित्सा विश्वविद्यालय से लगभग 11 टन उत्सर्जित सॉलिड वेस्ट को निस्तारण हेतु केवल पत्तियों का ही वर्मीकम्पोस्ट तैयार किया जाता है। शेष अपशिष्ट नगर निगम द्वारा उठा करके निस्तारण किया जाता है। जीरो वेस्ट कन्सेप्ट के दृष्टिगत शेष अपशिष्ट का भी पूर्ण निस्तारण के०जी०एम०यू० अपने परिसर में करने हेतु अग्रसर है।

उक्त सॉलिड वेस्ट के पूर्ण निस्तारण हेतु अपना उचित मार्गदर्शन देना चाहें। चिकित्सा विश्वविद्यालय में उक्त संदर्भ हेतु दिनांकः 28/12/2023 समयः 3 बजे स्थानः विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग में आहूत बैठक में प्रतिभाग करके अपना योगदान देने कष्ट करें।

सधन्यवाद।

AMC-P | Env Eng

भवदीय

विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग
के.जी.एम.यू., उ.प्र., लखनऊ।

पर्यावरण अभियन्ता

नगर निगम, लखनऊ

पर्यावरण अभियन्ता
नगर निगम, लखनऊ

आयुक्त
नगर निगम लखनऊ